<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–11.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन और राज्यभर के लोगों ने दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि की अर्पित, गुरुजी के संघर्ष और त्याग को किया गया याद।

2. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों ने पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा क्षेत्र से बरामद 5 किलो का आईईडी बम किया नष्ट, सर्च ऑपरेशन जारी।

3. राज्य के विभिन्न जिलों में हुए सड़क हादसें में आठ लोगों की मौत, कई गंभीर रूप से घायल।

4. मौसम विभाग ने आज रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग समेत 13 जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की जताई संभावना, तेज हवाओं की जारी की चेतावनी।

5. भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने 20 साल बाद एएफसी अंडर–20 महिला एशियाई कप के लिए किया क्वालिफाई, यंगून में मेजबान को 1–0 से हराया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के सक्रिय सहयोग से भारत को 2047 तक विकसित बनाने के अपनी सरकार के लक्ष्य पर ज़ोर दिया है। कल बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो के तीसरे चरण के उद्‌घाटन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने विकास की ओर भारत की यात्रा के लिए स्थापित मानदंडों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा तब शुरू हुई जब 2014 से पहले भारत दुनिया के दस सबसे कमज़ोर देशों में से एक था। अब भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेज़ी से आगे बढने वाली अर्थव्यवस्था है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए 184 नवनिर्मित टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का एक पौधा भी लगाएंगे और श्रमजीवियों से बातचीत करेंगे तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

*******************

टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन ने रामगढ़ के नेमरा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गुरुजी के जीवन को सेवा, समर्पण और सद्‌भावना का अद्वितीय उदाहरण बताया।

साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने भी दिवंगत शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए।

*******************

जामताड़ा में कल स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य स्तरीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने 25 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सभी लोगों से निर्धारित खुराक का सेवन करने की अपील की।

इधर सरायकेला–खरसावां जिले में भी फाइलेरिया उन्मूलन के तहत एमडीए–आईडीए अभियान की शुरुआत हुई। सदर अस्पताल में उप विकास आयुक्त रानी हांसदा और सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने 14 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों से इस मिशन को सफल बनाने के लिए हर व्यक्ति को दवा खिलाने और चेंजमेकर की भूमिका निभाने की अपील की।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ जारी राज्यव्यापी अभियान के तहत पश्चिम सिंहभूम में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी की सूचना पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। 6 अगस्त को मिली

खुफिया जानकारी के आधार पर चाईबासा पुलिस और कोबरा 209 बटालियन ने 7 अगस्त को गोइलकेरा थाना क्षेत्र में अभियान शुरू किया। इस विशेष सर्च अभियान के तहत कल इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने 5 किलोग्राम के एक आईईडी बम को बरामद किया और उसे मौके पर नष्ट कर दिया।

*******************

रिम्स निदेशक डॉ. राज कुमार को ब्रिटिश पार्लियामेंट, लंदन से कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किए जाने पर रांची के पुराने विधानसभा सभागार में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महासभा अध्यक्ष आर.पी. रंजन ने कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. राज कुमार की व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि झारखंड और देश के लिए गर्व की बात है।

*******************

रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र हरमू में भाजपा कार्यालय के सामने कल शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला, एक युवती और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर उसकी कार जब्त कर ली है। इधर दुमका जिले में भी कल देर शाम दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए।

*******************

इधर लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में अमझरिया घाटी के सिसकारिया मोड़ पर एनएच–39 पर एक कार के पेड़ से टकराने के कारण मां–बेटी की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

उधर, सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में हाता–चाईबासा मार्ग पर मुरुमडीह पेट्रोल पंप के पास खड़ी हाइवा से बाइक की टक्कर में कल तीन युवकों की मौके पर मौत हो गई।

*******************

जामताड़ा जिले के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एक वरदान साबित हो रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है, जिसमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, चतरा, गढ़वा, देवघर, दुमका, गोड्डा, जमताड़ा और पाकुड़ शामिल हैं। साथ ही कुछ स्थानों पर गरज और 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की चेतावनी जारी की है।

*******************

भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी अंडर–20 महिला एशियाई कप 2026 में अपना स्थान पक्का कर लिया है। कल यंगून में भारतीय टीम ने मेजबान स्थान पर एक–शून्य से जीत दर्ज की। भारत की ओर से पूजा ने निर्णायक गोल किया। भारत ने 20 साल बाद इस प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने हिन्द पीढ़ी में युवक की हत्या की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है–हिन्द पीढ़ी के भटठी चौक पर दिनदहाड़े युवक को मारी गोली।

- हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है कि बाबा का शरीर साथ नहीं पर उनकी यादें हर पल साथ।
- प्रभात खबर ने लिखा है– ईडी का खुलासा शेल कंपनियों को बेचकर कमाए पैस, कर दिया जीएसटी घोटाला।
- दैनिक जागरण ने लिखा है–सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सामाजिक विज्ञान के तीन हजार तैंतीस अभ्यर्थी सफल।

******************